अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2022) दिनांक : 17.12.2022

समय सीमा : 3 घंटा पंचम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

महात्मा महाप्रज्ञ–50

प्र. 1 किन्हीं तेरह प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 13

(क) 'आज तुम्हारा भाग्य खुल गया।'यह बात मां ने बालक नथमल को किसकी शादी में कही?

(ख) बालक नथमल 'आकाश-दर्शन' कहां से करते थे?

(ग) बालक नथमल व उनकी मां बालूजी को साधु प्रतिक्रमण सीखने की अनुमति कब प्राप्त हुई?

(घ) बालक नथमल ने 'कर्म-प्रकृति' पुस्तक किससे प्राप्त की?

(ङ) मुनि दीक्षा के बाद महाप्रज्ञजी ने कौन सा ग्रंथ कंठस्थ करना प्रारंभ किया?

(च) साध्वी जयकंवरजी ने कौन से चार आचार्यों की उदक-सेवा की?

(छ) युवाचार्य तुलसी के जलपात्र वहन की सेवा महाप्रज्ञजी को किस अवसर पर हुई?

(ज) ये नए ब्राह्मण आये हैं, यह बात सन्तों ने महाप्रज्ञजी को क्यों कही?

(झ) 'मर्यादा-मुक्तावली' का निर्माण कब और कहां हुआ?

(ञ) महाप्रज्ञ जी में मन्त्र के विषय में रूचि कब बढ़ी?

(ट) गुरुदेव तुलसी ने महाप्रज्ञजी से अन्तरंग व्यवस्था में पहली बार सहयोग कब और कहां लिया?

(ठ) सविधि प्रतिक्रमण कब और किस अवसर पर प्रारम्भ किया गया?

(ड) आचार्य तुलसी ने महाप्रज्ञजी को कौन से मर्यादा महोत्सव पर अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया?

(ढ) अनेकान्त का प्राणतत्त्व क्या है?

(ण) मुख्यनियोजिकाजी की नियुक्ति कब और कहां हुई और उन्हें क्या दायित्व दिया गया?

प्र. 2 कोई चार प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 10

(क) पण्डित प्रवर सुखलालजी ने आगम-सम्पादन के विषय में क्या कहा?

(ख) अणुव्रत साधना शिविर में महाप्रज्ञजी के साथ कौन-कौन से सन्तों ने भाग लिया?

(ग) आचार्य तुलसी ने 'महाप्रज्ञ' शब्द की क्या व्याख्या की?

(घ) तेरापंथ के विकास के साधन कौन-कौन से हैं?

प्र. 3 कोई दो प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 12

(क) महाप्रज्ञ जी के योग जीवन का प्रारम्भ पर टिप्पणी लिखें।

(ख) 'जीवन-विज्ञान' पर टिप्पणी लिखें।

(ग) 'कैसे होगा यह काम?' आचार्य तुलसी की यह चिन्ता किस अपेक्षा से थी और इसका क्या समाधान हुआ?

(घ) महाप्रज्ञजी की दिनचर्या पर प्रकाश डालें।

प्र. 4 महाप्रज्ञजी के प्रति पूज्य कालूगणी के वात्सल्य भाव को दृष्टांतों द्वारा स्पष्ट करें। 15

अथवा

सिद्ध करें आचार्य महाप्रज्ञ श्रुत के उपासक थे।

आचार्य महाश्रमण–30

प्र. 5 किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 7

(क) मोहन के पिताजी श्री झूमरमलजी के स्वर्गवास के समय मोहन कितने वर्ष का था?

(ख) मोहन की मासी का नाम क्या था? वह मोहन के लिए क्या लायी?

(ग) मुनि हेमन्त कुमार का नाम परिवर्तित क्यों किया गया व उनका नाम क्या रखा गया?

(घ) मुनि मुदित कुमार जी को गुरुदेव तुलसी की व्यक्तिगत सेवा में कब और कहां नियुक्त किया गया?

(ङ) मुनि मुदित कुमार की साझ में कौन से सन्तों को दिया गया?

(च) श्रीडूंगरगढ़ में आचार्य महाप्रज्ञजी ने युवाचार्य महाश्रमण की समर्पणनिष्ठा की तुलना किससे की?

(छ) चवांलीसवें वर्ष में प्रवेश के समय आचार्य महाप्रज्ञ ने युवाचार्य महाश्रमण की कौन-कौन सी विशेषताओं का उल्लेख किया।

प्र. 6 कोई दो प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 5

(क) पुनः महाश्रमण पद की नियुक्ति पत्र की भाषा लिखें।

(ख) मुनिश्री सोहनलालजी (चाड़वास) में क्या-क्या विशेषताएं थी?

(ग) युवाचार्य महाश्रमण के लिए आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा महातपस्वी हेतु दिये गये तीन बिन्दुओं को लिखें।

प्र. 7 कोई तीन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 18

(क) वैरागी मोहन की दिनचर्या पर प्रकाश डालें।

(ख) 'एक प्रयोग, एक परीक्षण' घटना प्रसंग को लिखें।

(ग) युवाचार्य मनोनयन के अवसर पर युवाचार्य महाश्रमण द्वारा दिये गये वक्तव्य का सार-संक्षेप में लिखें।

(घ) 'दशम सूर्य अदृश्य' के समय का वर्णन करें।

तेरापंथ-प्रबोध–10

प्र. 8 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) टोला रा.....यादगार हो।।

(ख) 'कालू-कालू बोलूं।' गीत वाला पद्य।।

(ग) 'स्वामीजी! थांरी साधना री।' गीत वाला पद्य।।

(घ) जयाचार्य.....भाष्यकार हो।।

(ङ) आषाढ़ी.....अविकार हो।।

तुलसी-प्रबोध–10

प्र. 9 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) आचार्या री दिल्ली यात्रा।

(ख) चंपक की दीक्षा।

(ग) आगम-संपादन।

(घ) पाव सदी.....उपहार हो।

(ङ) श्रुत आराधन.....हुंशियार हो।